तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 3 दिसंबर 2025

13 धान खरीदी के संचालन में पारदर्शिता और किसानों के हित को ...



14 गीता जयंती समारोह में मंत्री गजेन्द्र ने परिवार की...





## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट की, रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** सेलून से अपने घर जा रहे व्यक्ति को गांव के ही व्यक्ति ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम चिटौद निवासी गणेश राम निषाद ने पुलिस को बताया कि 01 दिसंबर को ग्राम चिटौद के सेलून दुकान से दाढ़ी बनवाकर वापस घर जा रहा था, अपने घर आम गली के पास पहुंचा था कि वही पर पहले से खड़े ग्राम चिटौद निवासी सेवक राम नेताम पिता संतराम नेताम 30 वर्ष मुझे देखकर गाली गलौज करने लगा, जो मुझे बुरा लग रहा था, जिसे मना करने पर इधर आ तुझे डण्डे से मारूंगा कहकर अपने हांथ में रखे डण्डे से मेरे बायें हांथ की कलाई के उपर मारा, जिससे चोट आकर दर्द हो रहा है घर के पास खड़े अन्य लोग एवं मेरा लड़का तोषण निषाद बीच बचाव किया है।

### पेंशनर की मासिक बैठक 6 को

**बालोद/अर्जुन्दा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर तहसील शाखा अर्जुंदा की मासिक बैठक 6 दिसंबर को 12 बजे शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय अर्जुंदा में आयोजित की जायेगी। इस बैठक में छ.ग. पेंशनर समाज जिला बालोद के पदाधिकारी एवं तहसील स्तर के समस्त पदाधिकारी भी उपस्थित होंगे। यह जानकारी सचिव सीएल देवोगल ने दी।

### जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा बैठक 4 को

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं रेट्रोफिटिंग, एकल ग्राम, समूह जल प्रदाय के कार्यों की समीक्षा बैठक 04 दिसंबर को सुबह 11 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने को कहा है।

### चोर ने मोटर साइकिल की चोरी, जुर्म दर्ज

**बालोद।** घर के बाहर रखे गाड़ी को किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। जिसके बाद वाहन मालिक ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। वार्ड न0 19 मधु चौक बालोद निवासी मोहम्मद नदीम जमील तिगाला ने पुलिस को बताया कि 30 नवंबर को रोजाना की तरह मेरी मोटर साइकिल सीजी 24 एन 6117 को हमारे घर के सामने खडा किया, किन्तु मै गाडी से चाबी निकालना भूल गया था, रात्रि करीबन 08 बजे घर से बाहर टहलने के लिये निकला तो देखा की मेरी मोटर साइकिल जिस जगह पर मैं खडा किया था वहा नही था। जिस कारण मै अपनी मोटर साइकिल का आस पास में पता किया किन्तु अब तक मेरी मोटर साइकिल का कुछ पता नही चला है। मेरी मोटर साइकिल को 30 नवंबर के शाम करीबन 05 बजे से रात्रि करीबन 08 बजे के मध्य हमारे घर के सामने से किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है।

### 5 को होगी जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक

**बालोद।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार 05 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में सभी जिला समन्वयक अपने अधीनस्थ समस्त शाखाओं का शासकीय योजना अंतर्गत किए गए ऋण स्वीकृति एवं वितरणों की अद्यतन जानकारी के साथ निर्धारित समय एवं तिथि में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीएससी में आयुष्मान घोटाला: पुराने ऑपरेटरों ने डाटा चोरी कर की 6 लाख हेराफेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/अर्जुंदा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुन्दा में पुराने ऑपरेटरो ने पद से हटाने के बाद भी खेला कर दिया और डाटा चोरी कर आयुष्मान कार्ड इंसेटिंव के पैसो में हेराफेरी करने लगे। मामले में शिकायत के बाद स्वास्थ विभाजन ने तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो–तीन वर्षों से लगातार आयुष्मान कार्ड के पैसों में हेरा फेरी किया जा रहा था, मामला तब खुला जब पुराने ऑपरेटर को स्वास्थ्य विभाग अर्जुंदा के द्वारा बाहर कर दिया गया, इसके बाद से पुराने दोनों ऑपरेटरो ने 27 नवंबर 2025 गुरुवार को और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अर्जुंदा के अधिकारी से मिली भगत कर डाटा चोरी कर लिया, उसके बाद से 475 केस में आए लगभग 6 लाख रुपए का इंसेंटिव प्रोत्साहन राशि में से राशि धीरे–धीरे किसी दूसरे कई खातों में जाने लगे। वर्तमान आयुष्मान कार्ड योजना के ऑपरेटर को जब यह पता चला तब उनके द्वारा अपने उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी को इसकी सूचना दी, इसके बाद अर्जुंदा स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी मिलकर एक आवेदन तैयार किया और पुलिस विभाग को इसकी सूचना दिया गया।

पुलिस विभाग के द्वारा नांहदा निवासी व मटिया अ निवासी पुराने दोनों ऑपरेटरो को तत्काल थाना बुलवाया गया। जहां ▶▶ शेष पेज 13 पर

## स्वास्थ्य केंद्र में डाटा चोरी और वित्तीय गड़बड़ी का मामला

### ऑपरेटरों ने जुर्म स्वीकार किया

मिली जानकारी के अनुसार दोनों ऑपरेटर डाटा चोरी करना कबूल किये है। साथ ही इन दोनों के द्वारा किसी अधिकारी के मार्गदर्शन में यह कार्य करने की बात भी कही है और यह भी स्वीकार किये है कि पैसा डालने के पहले जिस खाताधारक के खाते में पैसा डाला जाता था उन से मोबाइल के माध्यम से संपर्क करके अपना हिस्सा की बात भी कहते थे। उसके बाद उनके खाते में पैसा डालते थे। यह सब जान पहचान वाले कर्मचारी अधिकारी के साथ ही करते थे। बताया जा रहा है कि मिली जानकारी के अनुसार यह दोनों ऑपरेटर किसी अधिकारी के मार्गदर्शन में कर रहे थे और इसमें लिप्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को इस मामले के बारे में पता था। क्योंकि उन सबको इसका फायदा मिल रहा था।




### जांच के लिए टीम गठित

सीएमएचओ डॉ जेएल उईके ने कहा मामले में शिकायत है जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित कर दी गई है। जांच प्रतिवेदन के उपरांत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## आरोप

### पीड़ित परिवार की शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई

# युवती को जान से मारने की धमकी परिवार के मुखिया ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

आरोपी से युवती को लगातार मिल रही धमकी से परेशान पालक द्वारा थाना मे शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही हुई, पीड़ित विधायक से मिला। विधायक ने पुलिस अधीक्षक से चर्चा की, लेकिन ना आरोपी पकड़ा गया, ना प्रशासन पीड़ित परिवार को भयमुक्त कर पाया। नतीजा पीड़ित परिवार के मुखिया ने आत्महत्या कर ली।

इससे ग्रामीणो का आक्रोश इतना बढ़ा कि परिजन शव परीक्षण के बाद परिजन शव लेकर घर ना जाकर बालोद थाना पहुंच गए एवं जमकर हंगाया किया। एक सप्ताह में आरोपी को पकड़ने के आश्वसन वासन पर परिजन शव को लेकर ग्राम पहुंचे। मामला ग्राम कन्नेवाड़ा का है। ग्राम के रामनारायण टांडिया ने सोमवार–मंगलवार की दरमियानी रात्रि में जंगल में जाकर आत्महत्या कर ली। मामले में ग्राम में प्रातः से ही आक्रोश व्याप्त हो गया था, लेकिन प्रशासन ने इसको हल्के मे लिया, जिससे मामला थाना के सामने घेराव तक पहुंच गया। ग्रामीण रामनारायण के आत्महत्या करने के पीछे एक युवक द्वारा उसकी एक रिश्तेदार की हत्या करने की लगातार धमकी देने एवं शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन द्वारा कथित तौर पर कार्यवाही नही करने को कारण मान रहे थे। ग्रामीणो ने चर्चा मे बताया कि मृतक ▶▶ शेष पेज 13 पर

### थाने के सामने शव रखकर परिजनों ने न्याय की मांग की



### परिजन की देखरेख में युवती कॉलेज से आना-जाना करती थी

ग्रामीणो ने चर्चा मे बताया कि इन धमकीयों से रामनारायण का परिवार बहुत परेशान रहता था। पूरा परिवार उस युवती की रक्षा के लिए फिक्रमंद रहता था एवं युवती जब कॉलेज जाती थी तो उसके परिजन भी साथ जाते थे एवं वहां रूककर उसे साथ लेकर आते थे। आरोप है कि लगातार शिकायत के बाद भी जब न्याय नही मिला तब पीड़ित परिवार विधायक संगीता सिन्हा एवं पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा के पास पहुंचा। विधायक संगीता सिन्हा युवती के परिजन को साथ लेकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची, जहां तत्काल कार्यवाही की बात कही गई, लेकिन कार्यवाही नही हुई। चर्चा आम है कि मामले की शिकायत के बाद एवं विधायक के हस्तक्षेप के बाद भी जब पीड़ित परिवार को न्याय मिलता नही दिखा तो अततः हताश युवक ने जंगल मे जाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को रामनारायण के शव का परीक्षण उपरांत जब प्रशासन ने शव परिजन को सौपा तब भी प्रशासन ग्रामीणों के आक्रोश की तपिश का मापने मे नाकाम रही, नतीजा यह निकला कि ग्रामीण ▶▶ शेष पेज 13 पर

### धरना स्थल पर पहुंचे विधायक संगीता और पूर्व विधायक भैयाराम

इस दौरान विधायक संगीता सिन्हा भी धरना पर पहुंची। भैयाराम सिन्हा एवं संगीता सिन्हा से प्रशासन ने चर्चा की एवं एक सप्ताह मे आरोपी युवक को पकड़ने के आश्वासन के बाद परिजन शव को घर जाने सहमत हुए एवं मंगलवार शाम ग्राम कन्नेवाड़ा में अंतिम संस्कार किया गया। विधायक संगीता सिन्हा ने कहा रामनारायण व उसके परिजन उसके पास आए थे। पन्द्रह दिन पूर्व मैं पीड़ित के परिजनों के साथ एसपी से मिलकर पूरी बात रखी थी। तब तत्काल कार्यवाही का आश्वासन मिला था, लेकिन प्रशासन एक पीड़ित भयाक्रांत परिवार को सुरक्षा प्रदान नही कर सका और ना ही भयाक्रांत परिजन के भय को दूर कर सका। जिससे एक युवक की जान चली गई। यदि एक सप्ताह के अंदर आरोपीयो के खिलाफ कार्यवाही नही हुई तो व्यापक जन आंदोलन किया जाएगा।

# ठंड बढ़ने के साथ स्वास्थ्य विभाग सतर्क, शीतलहर से बचाव के लिए अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालोद के द्वारा नवम्बर माह से मौसम में परिवर्तन के कारण शीतलहर एवं ठंड से बचाव की स्थिति से रोकथाम व बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है।

जिसमे बताया गया है कि शीतलहर एवं ठंड से बचाव के तरीके के तहत शीतलहर के समय घर के अंदर ही रहने की कोशिश करें। पर्याप्त मात्र में गर्म कपड़ों की उपलब्धता रखकर उपयोग करे। मौसम में परिवर्तन एवं आपातकालीन संबंधी सूचना हेतु समस्त प्रकार के मीडिया, चैनलों, अखबारों का अवलोकन करते रहे। बुजुर्ग व्यक्तियों, बच्चों एवं अकेले जीवन यापन कर रहे पड़ोसियों का विशेष ख्याल रखे। आकस्मिक, आपातकालीन सामाग्री एवं सुविधाएं अग्रिम रूप से रखा जाना सुनिश्चित करें। शीतलहर के समय किसी एक कक्ष का चयन कर हीटर, अन्य यंत्र के द्वारा गरम रखा जावें। शरीर को गर्म रखने के लिए नियमित रूप से गर्म पेय पदार्थ का सेवन करते रहे। बिजली न होने की स्थिति में फ्रिज के दरवाजे सही तरीके से बंद रखकर भोज्य पदार्थों को अधिकतम 48 घंटे तक सुरक्षित रखा जा सकता है। समुचित कपडे पहने, कोशिश करें की मोटी परत वाले कपडों का इस्तेमाल हो। कैप, कनटोप व मफ्लर का उपयोग शरीर का तापमान क्षय होने से बचाती है। कैरोसीन हीटर या कोयला भट्टी, सिगड़ी के धुएं के जहरीली कणों से बचे व अनुकुलित वेन्टीलेशन सुनिश्चित करें।

■ शरीर सुन्न पड़ने, कपकपी और थकान पर तुरंत डॉक्टर से मिले- स्वास्थ्य विभाग

शरीर को गर्म रखने हेतु शुद्ध गर्म भोजन का सेवन करें एवं बिना एल्कोहल वाले पेय पिये। शीतदंश, कान, नाक, उंगलियों का सफेद या पीला दिखाई देना या सुन्न पड़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सुविधा लेवें। शरीर का ठंडा पड़ जाना, अनियंत्रित कपकपी, याददास्त में कमी, जबान लड़खड़ाना, सुस्ती एवं एकदम थकान महसूस होने पर चिकित्सक से मिले। उपरोक्त जानकारियों ज्यादा से ज्यादा साझाकर अपने तथा अपनों को शीतलहर के चपेट में आने से रोकथाम करने का अपील किया जाता है।

# टोकन तुहर द्वार ऐप में तकनीकी खराबी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर







धान विक्रय के लिए बना टोकन तुहर द्वार एप का सर्किल गोल गोल घुमकर किसानों को परेशान कर रहा है। चंद सेकंड मे कोटा पूरा हो जाता है फिर किसान दिनभर धान के टोकन के लिए भटकते रहते है। किसानो के साथ भाजपा नेताओ ने भी खरीदी मात्रा को बढ़ाने की मांग की है।

■ ऐप का गोल-गोल घूमता सर्किल बढ़ा रहा किसानों की चिंता

विकासखण्ड के किसान धान विक्रय के लिए टोकन नही मिलने से परेशान है। एप में एक दिन का ही पंजीयन हो रहा है, जबकि बीते सालो तक सात दिन की अवधि के लिए टोकन कटता था। वर्तमान मे धान विक्रय का सभी किसानो को जल्दी है, लेकर समितियो मे खरीदी सीमा है। ऑनलाईन टोकन के लिए एप चालू होते ही चंद सेकेण्ड मे खरीदी सीमा खत्म हो जाती है, फिर उसके बाद एप का सर्किल गोल गोल घूमता रहता है और किसान एप चालू होने की आस मे गोल घूमते सर्किल को देखते रहते है। समिति मे मिले ग्राम सोनईडोगरी के किसान भीष्म साहू ने कहा उसे 5 एकड़ खेत का धान बेचना है, हमारे ग्राम मे नेटवर्क समस्या है, जिससे टोकन नही कट रहा है, सरकार ऑफ लाईन टोकन के साथ खरीदी सीमा बढ़ाएं। सोनईडोंगरी के ही डोमेन्द्र कुमार ने कहा 25 नवंबर को उसका टोकन कटा था, लेकिन अधिक टोकन होने के कारण धान नही बिका, अब चक्कर लगा रहे है। उस टोकन मे संशोधन भी नही हो रहा है पता नही कब बिकेगा धान। खिलावन सिन्हा ने कहा नेटवर्क समस्या है, ऑनलाईन टोकन कट जाना चाहिए। गुलाब राम साहू, मन्नू लाल यादव, कुबेर राम ने भी कहा ऑफलाईन टोकन कटे एवं पंचायत स्तर पर तिथि तय कर इससे धान विक्रय मे आसानी हो।

इधर किसानो को हो रही समस्या को देखते हुए भाजपा नेता भी सक्रिय हो गए है। रामसाय साहू ने कहा टोकन तुहर द्वार एप मे व ऑफलाईन ऐसी व्यवस्था की जाए कि एक दिन ▶▶ शेष पेज 13 पर

# कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनके मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आम लोगों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में आज डौण्डी से पहुँचे रोहित कुमार ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बरबसपुर की बिदेश्वरी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, आमापारा बालोद के गणराज यादव ने अनुकंपा नियुक्ति दिलाने ग्राम खपरी की रवीना ने श्रमकार्ड का नवीनीकरण कराने, ग्राम पंचायत सांकरी के सरपंच ने शाला भवन में आहता निर्माण कराने, ग्राम पंचायत तारएँ के सरपंच ने सीसी रोड निर्माण कराने, सोनईडोंगरी की रेखा बाई ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने, सनौद की पुष्पांजली ने ▶▶ शेष पेज 13 पर


■ विद्युत दुर्घटना प्रभावित को 2 लाख रुपये का चेक दिया

## लाभार्थियों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को दिए तत्काल समाधान के निर्देश

# जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम सोरर में किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



विकासखंड के ग्राम सोरर में सीईओ जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चन्द्रवंशी ने प्रातः कालीन आवास चौपाल लगाया। जिला बालोद अंतर्गत जनपद पंचायत गुरूर क़े ग्राम पंचायत सोरर में प्रातः कालीन आवास चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा आवास के लाभाथएँ उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालोद सुनील कुमार चन्द्रवंशी द्वारा आवास चौपाल के माध्यम से नवीन स्वीकृत आवास लाभार्थियो के अप्रारंभ आवासो को यथाशीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्माणाधीन आवासो को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने कहा, साथ ही लाभार्थियो को उक्त निर्माणाधीन आवासो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिंस्टम, सोखता गढ्ढा का निर्माण करने तथा पीएम सूर्य घर योजना के तहत सोलर पैनल लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। योजनान्तर्गत लाभार्थियो से चर्चा करते हुए आवास निर्माण से संबंधित समस्याओ को संज्ञान में लेते हुए तत्काल समाधान हेतु संबंधित अमलो को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। साथ ही चौपाल क़े बाद उक्त ग्राम पंचायत मे रुके हुए एवं अप्रारम्भ आवास का निरीक्षण क़र आवश्यक प्रगति लाने क़े निर्देश हितग्राहियो को दिया गया साथ ही अधिकारी, कर्मचारी को हितग्राही की समस्याओं का त्वरित निदान करने क़े लिए कहा गया। उक्त आवास चौपाल में जिला समन्वयक आवास, अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग गुरूर, उपभियंता, तकनीकी सहायक आवास, नरेगा, आवास नोडल, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### सेल्समैन ही करा रहे थे अवैध शराब की बिक्री

**भिलाई।** नंदिनी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी मामले में तीन सेल्समैन को गिरफ्तार किया है। बता दें कि गत दिनों पुलिस ने 28 पेटी अवैध शराब सहित लाखों रुपए का माल जब्त किया था। इस मामले में पूर्व में 6 लोगों की गिरफ्तारी हुई थी। पुलिस ने अब तक कुल 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार विगत 29 नवंबर को पत्थर खदान नंदिनी खुंदिनी के पास वाहन टाटा सफारी क्रमांक सीजी 04 एचडी 7843 में 28 पेटी देशी मदिरा परिवहन की सूचना पर पुलिस द्वारा नांकेबंदी कर उसे रोका गया।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### सुधांशु महाराज का 4 को रायपुर आगमन



**राजनांदगांव।** विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सेवक परम सद्गुरु भक्त अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी, सचिव सौरभ खंडेलवाल व कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि परम पूज्य संत सुधांशु महाराज एवं परम वंदनीय डॉ. अर्चिका दीदी के राजधानी रायपुर आगमन पर अगवानी करेंगे।

सद्गुरु सुधांशु महाराज रायपुर के इंडोर स्टेडियम बूढ़ातालाब में चार दिवसीय 4 से 7 दिसंबर तक प्रतिदिन सनातन संस्कृति ज्ञान गंगा प्रवाह, राष्ट्रभक्ति पथ, साधक भक्ति पथ, जीवन प्रवाह पथ, स्वस्थ कायापथ, सेवापथ का ज्ञानामृत प्रात 9 से 11.30 तक एवं संध्या 5 बजे से 7.30 बजे तक करेंगे। मंत्र दीक्षा 7 दिसंबर सुबह 11 होगी। सुधांशु महाराज के दर्शन के लिए राजनांदगांव के हजारों शिष्य 4 दिसंबर को इंडोर स्टेडियम रायपुर के लिए राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से सुबह प्रस्थान करेंगे। उपरोक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी।

### मंदिर का स्थापना दिवस समारोह 5 को

**डोंगरगढ़।** शहर के वार्ड 1 में श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 5 दिसंबर को रखा गया है। धर्मार्थ समिति के तत्वाधान में इसी दिन 10 बजे अभिषेक, यज्ञ, हवन एवं 12 बजे आरती और भोग के बाद महाप्रसादी भंडारे का आयोजन होगा। आयोजन समिति ने भक्तजनो से उपस्थिति की अपील की है।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 8 को

**डोंगरगांव।** संचालक आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी के निर्देशन में आगामी 8 दिसंबर को निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन पुराने हास्पिटल परिसर में किया गया है। शिविर में अनुभवी चिकित्सकों द्वारा वातरोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग आदि का आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार किया जाएगा। बीपी, शुगर जांच भी की जाएगी। शिविर में नाड़ी परीक्षण, नेत्र परीक्षण, रक्त परीक्षण किया जाएगा। इस मौके पर प्रकृति परीक्षण एवं काढ़ा वितरण किया जाएगा।

### 8 को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर 2025 को संपूर्ण भारत में भारतीय सेनाओं के शहीदों के पुण्य स्मरण करने एवं उनके सम्मान में मनाया जाता है।

इसके तहत जिला सैनिक कल्याण कार्यालय राजनांदगांव में 8 दिसंबर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस का आयोजन किया गया है।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ग्रुप कैप्टन ब्रिजेश कुमार शर्मा (सेवानिवृत्त) ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर शहीद जवानों के परिवारों एवं जरूरतमंद भूतपूर्व सैनिकों की सहायता हेतु ध्वज वितरण कर धनराशि एकत्रित की जाएगी, एकत्रित राशि समामेलित विशेष निधि राज्य सैनिक बोर्ड के कोष में जमा कराई जाएगी। ध्वज का न्यूनतम मूल्य निर्धारित नहीं किया जाता है, परन्तु इस अवसर पर कोई भी व्यक्ति स्वेच्छा से जितना भी चाहे राशि अंशदान दे सकते हैं। सशस्त्र सेना झंडा दिवस की अंशदान राशि पर आयकर की धारा 80-जी के तहत आयकर में 100 प्रतिशत की छूट है।

### तीन साल से पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण

# लाखों की लागत से बनी टंकी हुई जर्जर, नहीं बुझ रही ग्रामीणों की प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्राम पंचायत हनईबन में अपनी अधूरी कहानी बयां कर रही है। लाखों की लागत से बनी पानी की टंकी तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी पूरी नहीं हो पाई है। टंकी अब जर्जर होने लगी है।

जानकारी के अनुसार हनईबन (आंशिक) रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना को 5 जून 2021 को स्वीकृति मिली थी। परियोजना लागत 84.48 लाख है। निर्माण का ठेका मेसर्स साईं श्रीराम बिल्डर्स रायपुर को मिला था। बड़ी राशि स्वीकृत होने किन्तु कार्य की धीमी गति के कारण यह योजना जनता के लिए मुसीबत बन गई है। सरपंच रोहित साहू और पंच श्यामसुंदर साहू ने बताया कि तीन साल से अधिक समय बीतने के बाद भी टंकी का काम अधूरा है। टंकी परिसर में ज़मीन की फ्लोरिंग और पानी के लिए आवश्यक चैंबर तक नहीं बनाया गया है।



#### पानी सप्लाई शुरू नहीं

सरपंच और पंच ने पुष्टि करते हुए बताया कि कार्य अधूरा होने के कारण टंकी को आज तक पंचायत के हैंडओवर नहीं किया गया है। ग्राम के किसी भी घर में पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है, जिससे ग्रामीण पेयजल से वंचित हैं। सबसे गंभीर चिंता का विषय टंकी की सुरक्षा है। टंकी के बाउंड्रीवाल का गेट खुला है, जिससे कोई भी व्यक्ति आसानी से ऊपर चढ़ सकता है। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि इस खुली और असुरक्षित स्थिति के कारण कभी भी अनहोनी हो सकती है।



#### टंकी पूर्ण करने की मांग

जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने माँग की है कि लाखों खर्च होने के बावजूद अधूरी टंकी को पूर्ण किया जाए। टंकी की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और हनईबन की जनता के लिए पानी की व्यवस्था अविलंब बहाल की जाए।

#### शीघ्र पूर्ण किया जाएगा

लोक स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ दिनेश सिंग ने बताया कि ठेकेदार को जल्द काम आरंभ करने कहा गया है जल्द ही कार्य को पूर्ण किया जाएगा। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गेट पर ताला लगाया गया था परंतु असमाजिक तत्वो ने तोड़ दिया।

# एड्स पर कॉलेज के छात्रों को किया जागरूक

### कारण और बचाव की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में रेड रिबन क्लब ने विश्व एड्स दिवस मनाया। सर्वप्रथम एड्स की जागरूकता की शपथ लिया गया।

तत्पश्यात ऑपथरमिक असिस्टेंट ऑफिसर विनोद टांडेकर ने एचआईवी संक्रमण के लक्षण, उपचार, सावधानी और ग्रसित लोगों से सामान्य व्यवहार की जानकारी दी। अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने एचआईवी वायरस के प्रारंभिक लक्षण तथा संक्रमण के विभिन्न कारणों की जानकारी दी। अतिथि ग्रंथपाल हिमानी साहू ने विश्व एड्स दिवस के इतिहास के बारे में बताया। चालू शिक्षा सत्र में रेड रिबन क्लब द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। जनभागीदारी अध्यक्ष टामेश्वर साहू, हिरेंद्र सोनकर तथा भैयालाल साहू ने निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किया। संचालन तथा आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया। कार्यक्रम में डॉ काव्या जैन, डॉ संजूसिंग, ओमप्रकाश सहारे, डॉ हेमलता विरदी, चांदनी पराते, कंचन साहू, योगिता ठाकुर, हरवंश, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार, खेलन, ज्ञानेश्वर आदि मौजूद थे।

# खिलाड़ियों ने जीते पांच पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अंबिकापुर में आयोजित स्टेट लेवल क्वान की डो चैंपियनशिप में श्री स्किल एकेडमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। प्रतियोगिता में आदित्य मोटघरे पिता जितेंद्र मोटघरे ने 40 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।



इसी प्रकार रुद्रप्रताप साहू पिता केशव साहू ने 30 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक, जय निषाद पिता हरि निषाद ने 61 किलोग्राम वर्ग में दो स्वर्ण पदक प्राप्त किया। पदक के साथ खिलाड़ियों का नगर पहुंचने पर स्थानीय पुराने बस स्टैंड में धूमधाम से स्वागत किया गया। जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनकर स्वागत किया। कोच दुरलेश्वर देवांगन एवं अकादमी के डायरेक्टर तोषण कुमार ने बताया कि खिलाड़ियों ने निरंतर अभ्यास और कड़ी मेहनत कर यह उपलब्धि हासिल किया है। इस दौरान पवन जैन, प्रेम गोस्वामी मौजूद थे।

# गिरफ्त में आया नशीली दवा का कारोबारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नशीली दवा और गुंडागर्दी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी दो गंभीर अपराधों में लिप्त था। गिरफ्तार आरोपी नशीली गोलियों की तस्करी के साथ गुंडागर्दी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोपी है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शबाब मेमन पिता स्व मरहूम सल्लू मेमन निवासी वार्ड 15 गंडई के रूप में हुई है।

पुलिस को गत 30 नबम्बर को सूचना मिली कि शबाब मेमन बोलेरो क्रमांक सीजी 09 जेए 6264 से प्रतिबंधित नशीली गोलियां खरीदकर वापस आ रहा है। पुलिस ने दुर्ग रोड पर नाकाबंदी कर शबाब मेमन को रोका और उसके वाहन से 320 नग नशीली गोलियां जब्त कीं। पुलिस ने 4.50 लाख कीमत की बोलेरो, 20 हजार के दो मोबाइल फोन और नशीली गोलियां मिलाकर कुल 4,70,774 रूपए का माल जब्त किया है। शबाब मेमन के खिलाफ धारा 21 (बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेज दिया गया है।



#### रॉड से पीटने और धमकाने का आरोप

इस मामले की कार्रवाई से कुछ ही घंटे पहले शबाब मेमन पर मारपीट और गुंडागर्दी करने का भी आरोप लगा। शिकायतकर्ता अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि 30 नवम्बर को 11 बजे जब वह अनिल उर्फ गब्बर चतुर्वेदी और कुमार मारकंडे के साथ जा रहे थे, तभी शबाब मेमन ने तीन अन्य साथियों के साथ बोलेरो से आया। शबाब मेमन ने लोहे का रॉड लेकर मजदूरों के साथ गाली गलौच करने लगा। इसके बाद शबाब मेमन ने लोहे के रॉड से अनिल मारकंडे और अनिल चतुर्वेदी की पिटाई कर दी। पीड़ति के हाथ, गला, पीठ, पैर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। कुमार मारकंडे को जमीन पर पटकने से उनकी कमर, पीठ और गाल पर चोटें आईं। इसके अलावा उसने कबाड़ी मजदूर खेलन मारकंडे के घर में घुसकर उसे पीटा, जिससे दोनों भुजाओं, पीठ और कमर में चोट लगी। वहीं खड़े मनोज यादव को भी धमकाकर पीटा गया, जिससे उनके गाल पर सूजन आ गई।

# एनसीसी कैडेट्स ने दी परेड की शानदार प्रस्तुति

### कॉलेज में मनाया गया 77वां स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नेहरू महाविद्यालय में 77 वां एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। विशेष अतिथि के रूप में रिटायर्ड सूबेदार ए. तिरुपति राव उपस्थित थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ ईवी रेवती ने की।



शुरुआत में स्वतंत्रता सेनानियों एवं क्रांतिकारियों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात अतिथियों ने परेड का निरीक्षण किया। परेड की कमान सीनियर अंडर ऑफिसर अरसला ने संभाली। परेड में चार प्लाटून शामिल हुए। डाली यादव, कामिनी, कुष्मिता, प्रियंका सहित कई कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में दिनेश वर्मा, दीप्ति रामटेक एवं राधिका महोबिया ने प्रभावी वक्तव्य प्रस्तुत कर सराहना प्राप्त की। विशेष अतिथि श्री राव ने कहा कि सी सर्टिफिकेट के लिए कैडेट्स को तीन वर्ष तक नियमित रूप से एनसीसी का प्रशिक्षण पूर्ण करना आवश्यक है। संचालन गुलशन सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ प्रदीप जांबुलकर, डॉ आशा चौधरी, डॉ आरआर कोचे, एचआर पदमे, नीलम चतुर्वेदानी, डॉ नीता राजपूत, डॉ येशुकृति हजारे, डॉ सपना परिहार, नीलम सिन्हा, झरना साहू, अनिमा मिंज, मंजू धनकर, मीनाक्षी साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### महेश्वर का सम्मान



**डोंगरगांव।** नगर साहू संघ एवं तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह गत दिनों प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के आतिथ्य और जिला साहू संघ अध्यक्ष भागवत साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

समारोह में जिला साहू संघ उपाध्यक्ष महेश्वर साहू को स्मृति चिन्ह एवं वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष शिवराम साहू, नगर अध्यक्ष कौशल साहू, उमेश साहू, माधव साहू,चंद्रशेखर साहू सहित अन्य शामिल हुए।

# पंचायत ने किया मितानिनों का सम्मान



**तुमड़ीबोड़।** ग्राम पंचायत में मितानिन दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित कर मितानिन डिलेश्वरी साहू, राजकुमारी, प्रमिला श्रीवास्तव, ममता साहू, उषा साहू, पेमिन साहू को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए श्रीफल व गिफ्ट भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह में सरपंच भुनेश्वरी साहू, भूपेंद्र सोनवानी, येवेन्द्र साहू, दिलीप श्रीवास्तव, जय साहू, मीना साहू, गीता साहू आदि उपस्थित थे।

# समूह के उत्पादों की सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

वंदना संकुल संगठन गोटाटोला का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल तथा ग्राम संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया।



इस दौरान महिलाओं ने विभिन्न घरेलू, हस्तनिर्मित एवं आजीविका आधारित उत्पादों के स्टॉल लगाए थे। इन उत्पादों में खाद्य सामग्री, वस्त्र, सजावटी सामान और अन्य स्थानीय उत्पाद शामिल थे, जिन्हें उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों ने सराहा। अधिवेशन में वर्षभर के कार्यों की समीक्षा और अगले वर्ष की योजनाओं पर चर्चा की गई। संकुल संगठन ने बेहतर कार्य करने वाले केडरों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अगनू राम कुमेटी, जिला पंचायत सदस्य लखन कलामे, जयराम कुंभकार, मीणा मांझी, एसीईओ एसएस दुग्गा एवं प्रभारी बीपीएम एमएल उइके शामिल हुए।

# गांव के स्कूल में मनाया छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने छत्तीसगढ़ी भाषा के संदर्भ में बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ी लगभग दो करोड़ लोगों की भाषा है। इसे 66 प्रतिशत लोग बोलते और समझते हैं। इस अवसर पर शिक्षकों एवं बच्चों ने छत्तीसगढ़ी गीत, कविता का गायन किया।कार्यक्रम में प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी, रामनारायण साहू उपस्थित थे।



# दैहान सड़क का हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांधाबाजार

जादूटोला से दैहान सड़क का वर्षों से हाल बेहाल है। सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिखाई देते हैं। पूरी सड़क उखड़ चुकी है। इन दिनों किसान ट्रेक्टर से धान की फसल खेतों से ला रहा है जो सड़क के जर्जर होने से गिर रहा है। इस सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन दुर्घटना होते रहती है। इस मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीण, बच्चे काफी परेशान हो रहे हैं।

यह सड़क जोशीलमती, गैंदाटोला से महाराष्ट्र को जोड़ती है , जिसकी मरम्मत कराना आवश्यक हो गया है। क्षेत्र के फेरूराम सिन्हा, सागर सिन्हा, ललित सिन्हा, अमृत पटवा, बसंत सिन्हा, नरेशकुमार गजेन्द्र विजय कुमार भारतद्वाज, अश्वनी सिन्हा, गिरजानंद सिन्हा, दुर्जनलाल चन्द्रवंशी, उदेराम चन्द्रवंशी, सुरीत कुमार कुमलकर, भोलाराम कोटेलकर, महेश बंजारे आदि ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।



# डेंजर जोन बना लाल बहादुर नगर का मोड़

**डोंगरगढ़।** नगर पंचायत लाल बहादुर नगर का बस स्टैंड मोड़ डेंजर जोन बन गया है। आए दिन यहाँ दुर्घटना होते रहती है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। बीती रात मोड़ में गाड़ी पलटते हुए भाजपा नेता मनोज कांडे के घर जा घुसी। दुकान और उनकी गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है। नगर के राकेश सिन्हा ने बताया कि इससे पहले भी यहां पर कई बार घटनाएं हो चुकी है।



# नशा त्यागने का विधायक बघेल ने किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम पंचायत खैरझिटी में सिन्हा समाज द्वारा आयोजित जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई। यह आयोजन आराध्य सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन की जयंती के अवसर पर किया गया था। विधायक बघेल ने समाज की गौरवशाली परंपराओं को याद किया और सहस्त्रबाहु तथा माता बहादुर कलारिन के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज उत्थान के लिए नशा का त्याग करना आवश्यक है। नशा न केवल व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद करता है, बल्कि परिवार और समाज को कमजोर करता है।

#### शहर में बेरोकटोक बिक रही शराब

आबकारी विभाग की नाकामी और अधिकारियों के मुख्यालय में नहीं रहने से शराब की अवैध बिक्री धडल्ले से हो रही हैं। उपर मंदिर छिरपानी मार्ग, बधियाटोला, मटन मार्केट में शराब बिकने की शिकायत मिल रही है। पुलिस अधीक्षक की कड़ाई के बाद पुलिस ने होटल और ढाबों में शराब बिकना बंद करा दिया है किन्तु कुछ दुकानों और घरों में अभी भी शराब बेचा जा रहा है। जानकारी के अनुसार शहर के शराब कोचिया मेढा एवं बोरतलाव सरकारी दुकान से शराब लाकर शहर में बेच रहे हैं। टीआई संतोष जयसवाल ने बताया कि कुछ स्थानों में शराब बिक्री की जानकारी मिली है। घेराबंदी कर शीघ्र ही छापामार कार्यवाही की जाएगी।

**खबर संक्षेप**

### पेंशनर मासिक बैठक 5 दिसंबर को

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ पेंशनर समाज, तहसील डौंडीलोहारा की इस वर्ष की अंतिम मासिक बैठक 05 दिसंबर, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे नए पेंशनर भवन, परियोजना कार्यालय के सामने आयोजित की जाएगी। बैठक में वर्ष 2026 के लिए पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र भरने एवं ऑनलाइन कराने सहित पेंशन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। जिन पेंशनरों के जीवित प्रमाण पत्र शेष हैं, उनकी समीक्षा कर उन्हें समय पर पूरा कराया जाएगा, ताकि किसी भी पेंशनर का पेंशन भुगतान बाधित न हो। बैठक में विशेष ध्यान उन पेंशनरों पर रहेगा जो चलने-फिरने में असमर्थ या बिस्तर पर हैं। उनके लिए बैंक शाखा प्रबंधक की सलाह से फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। ऐसे पेंशनरों को अपने कागजात और मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होने की अपील की गई है। साथ ही बैठक में आय-व्यय का लेखा-जोखा, वर्ष 2025 में की गई सदस्यताओं का विवरण और आगामी वर्ष 2026 की जिला एवं तहसील सदस्यता एवं सदस्यता रसीद छपाई संबंधी निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में वर्ष 2025 के पेंशन दिवस (17 दिसंबर) के कार्यक्रमों और पेंशन दिवस में सहभागिता पर भी चर्चा होगी। पेंशनर समाज डौंडीलोहारा के अध्यक्ष सियाराम शार्वा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सभी पेंशनरों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है।

### नगरीय प्रशासन मंत्री से मुलाकात कर पदोन्नति के लिए जताया आभार

**भिलाई ।** छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग मंत्रालय के द्वारा 25 नवंबर को नगर पालिक सेवा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्ग (ग) को मुख्य नगर पालिका अधिकारी वर्ग (ख) में पदोन्नत किया गया है। इसमें भिलाई नगर पालिक निगम जोन 2 की आयुक्त येशा लहरे नगर पालिक निगम रायपुर के जोन आयुक्त हितेंद्र यादव, उपायुक्त जसदेब सिंह बाबरा, सरगुजा नगर पंचायात की यूफ्रिसिया एक्का, निगम बीरगांव से निगम सचिव श्वेता आंबिलकर, नगर पालिका परिषद गरियाबंद की संध्या वर्मा, नगर पंचायत गौरेला से नारायण चंद्र साहू और नगर पंचायत देवकर से मनीष कुमार के नाम शामिल हैं।

### कांग्रेस ने फूंका ईडी का पुतला की नारेबाजी

**दुर्ग।** कांग्रेस ने केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप सरकार पर लगाया है। सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने नेशनल हेराल्ड केस में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, सांसद राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज की गई नई एफआईआर को लेकर पटेल चौक दुर्ग में प्रवर्तन निदेशालय का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर सोमवार को प्रदेशभर के जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन का आयोजन किया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईडी का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया। दुर्ग में कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार पर राजनीतिक विद्वेष, संस्थागत दुरुपयोग और विपक्ष को डराने-धमकाने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया।

**बैठक**

**कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों, जीएसटी रिटर्न, युवा खेल महोत्सव और नेशनल रोवर रेंजर जंबुरी की तैयारियों की समीक्षा**

# धान खरीदी के संचालन में पारदर्शिता और किसानों के हित सर्वोपरि : कलेक्टर मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना राज्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाले किसानों के हितों की दृष्टि से अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है।

मिश्रा ने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री करने हेतु आने वाले कृषकों को किसी भी प्रकार असुविधा नही होनी चाहिए। कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने जिन अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी धान खरीदी केन्द्रों में लगाई गई है उन्हें समय पर धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित होकर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संचालित कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे अपने प्रभार वाले धान खरीदी केन्द्रों में अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित कर सम्पूर्ण व्यवस्था का समुचित मॉनिटरिंग करने को कहा।



बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने राज्य शासन के निर्देशानुसार धान बिक्री हेतु किसानों का ऑफलाईन टोकन काटने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। मिश्रा ने कहा कि जिस नोडल अधिकारी का गेट पास कम जारी होगा उनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने जारी किए गए पास को समय पर एंट्री कराने के निर्देश भी दिए हैं।

उन्होंने नोडल अधिकारियों को चेकलिस्ट के आधार पर धान खरीदी केन्द्रों की संपूर्ण व्यवस्थाओं की जाँच कर सुचारू रूप से धान खरीदी केन्द्र की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन एवं विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्य की भी समीक्षा की। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उन्होंने विभागवार जीएसटी रिटर्न की स्थिति, युवा खेल महोत्सव एवं ग्राम दुधली में आयोजित होने वाली नेशनल रोवर रेंजर जंबुरी के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। मिश्रा ने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को युवा खेल महोत्सव तथा जिला शिक्षा अधिकारी को नेशनल रोवर रेंजर जंबुरी के सफल आयोजन हेतु बैठक आयोजित कर विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा तथा जिले में संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु कृषि, जल संसाधन सहित सभी विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को फील्ड में दौरा करते हुए किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल का उत्पादन के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

### कलेक्टर मिश्रा ने जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक की



बालोद। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 की समीक्षा बैठक लेकर जिले में इस अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि सहित अन्य संबंधित सभी विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से जल संचयन के साथ–साथ इसके संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इस कार्य में जन भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताते हुए इस कार्य में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा पावर पांइट प्रेंजेंटेशन के माध्यम से जल संचय, जन भागीदारी अभियान 1.0 के दौरान किए गए कार्यों के अलावा जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के लिए विकासखण्डवार प्रस्तावित कार्य योजना के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में हाइड्रोजियो सांइटिस्ट विपिन दुबे सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विश्व एड्स दिवस पर जगतरा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूजःगुरूर

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल जगतरा विकासखंड गुरूर में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम भारती रेड क्रॉस सोसायटी जिला बालोद और जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के निर्देशानुसार आयोजन संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से रेड क्रॉस प्रभारी व्याख्याता आरके सिन्हा के द्वारा जानकारी दिया गया और रेड क्रॉस के वालंटियर मानसी, प्रतिभा, तुषांजलि, स्वाती, यामिनी, आरती, चेतना, जया, ईशांत, धनराज द्वारा एड्स जागरूकता के उपर रंगोली बनाया गया। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल जगतरा एमएल ठाकुर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में व्याख्याता केएस कटेंद्र, व्याख्याता आरके धुर्वे और स्कूल के सभी विद्याथएँ उपस्थित थे।

- विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से दिया एड्स जागरूकता का संदेश

## व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया

**विवेक, चिंतन और जिज्ञासा को महानता की कुंजी बताते हुए मुख्य वक्ता ने प्रेरित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा के प्रांगण में मंगलवार को व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय प्राचार्य अजय मुखर्जी के निर्देशन में आयोजित हुआ, जिसमें रामकृष्ण मिशन विवेकानंद आश्रम, रायपुर से पधारे मुख्य वक्ता स्वामी प्रपत्रानंद तथा डॉ. विनीत साहू ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण सूत्र बताए।

स्वामी प्रपत्रानंद ने मनुष्य और जानवरों की प्रवृत्तियों की तुलना करते हुए समझाया कि विवेक, चिंतन और जिज्ञासा ही मनुष्य को महान बनाती है। उन्होंने न्यूटन का उदाहरण देते हुए कहा कि वृक्ष के नीचे बैठने के बाद गिरने वाले फल को देखकर सामान्य व्यक्ति केवल खाकर चला जाता है, लेकिन न्यूटन ने सोचा फल नीचे ही क्यों गिरता है, ऊपर क्यों नहीं इसी चिंतन ने गुरुत्वाकर्षण जैसे महत्वपूर्ण सिद्धांत की खोज कराई।



उन्होंने बताया कि यदि हमारे भीतर भी ऐसी खोज की भावना जन्म ले, तो समझना चाहिए कि हम महान बनने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। डॉ. विनीत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि महान व्यक्तित्व बनने के लिए परिस्थिति, संगति, वातावरण और सकारात्मक सोच बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अच्छे वातावरण और उचित मार्गदर्शन से हर बच्चा अपनी प्रतिभा को पहचान कर आगे बढ़ सकता है। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संपादन डॉ. बी.एल. साहसी द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्य अजय मुखर्जी ने सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया। शिविर में लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एन.आर. शिवना, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू , घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर, मुक्ति, खिलावन, उर्वशा, ललित देवहारी, खगेश ठाकुर, कुशल देवदास सहित अन्य शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित थे।

### त्रिदिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव का आयोजन 23 जनवरी से

**गुरूर।** पलारी मानस प्रचार समिति नगर पंचायत पलारी द्वारा छ.ग. प्रदेश स्तरीय त्रि दिवसीय संगीतमय दिव्य मानस महोत्सव व्याख्यान माला महाकुंभ का आयोजन 23 जनवरी से 25 जनवरी तक किया गया है। वही 26 जनवरी को छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमे पुरूश वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 2501 रूपये, पंचम पुरस्कार 2001 रूपये, 'छष्टम पुरस्कार 1501 रूपये, सप्तम पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। वही महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3501 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये रखा गया है। विशेष पुरस्कार के तहत गायन एवं वादन में 501 रूपये, व्याख्या में 501 रूपये, वेशभूशा एवं अनुशासन में 501 रूपये, प्रसंगानुकुल प्रस्तुती में 501 रूपये पुरस्कार रखा गया है तथा प्रत्येक मंडली को सांत्वना पुरस्कार के तहत 1001 रूपये दिया गया है। वही 26 जनवरी को रंगोली प्रतियोगिता के तहत प्रथम पुरस्कार 500 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 300 रूपये, तृतीय पुरस्कार 200 रूपये रखा गया है। जिसमे बाल समाज लीला मंडली, युवा मित्र मंडल, महिला मंडल, रामधुनी मंडली, श्रीराम सेना पलारी व ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

## भाजपा किसान मोर्चा महामंत्री अजीत ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री अजीत चंद्राकर ने रिसामा एवं मचांदूर धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र प्रबंधकों ने खरीदी की अद्यतन स्थिति एवं व्यवस्था की जानकारी दी। रिसामा खरीदी केंद्र के प्रबंधक सुशील कुमार महार ने बताया कि 2 दिसंबर तक 7340 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है। आज जिन किसानों ने धान बेचा, उनमें जगन राम साहू, देव प्रकाश साहू, धनेश्वर पटेल, प्रमिला रानी चंद्राकर, कोमल देवांशु, माखन, नीलकंठ, ओमप्रकाश, तरेंद्र साधु, ठाकुर रामेश्वर और कलीराम शामिल हैं।

समिति अध्यक्ष लोकेश्वर चंद्राकर ने बताया कि केंद्र में 26000 से अधिक बारदाना उपलब्ध है। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रिपाल, पानी तथा छायादार बैठने की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार मचांदूर खरीदी केंद्र के प्रबंधक अश्वनी साहू ने बताया कि केंद्र में अब तक 10920 क्विंटल धान खरीदी हो चुकी है।



आज खरीदी करने वाले किसानों में सत्यभामा, पीतांबर, मलेश्वर, योगेश्वर, हेमलता कोसरे, चूड़ामणि साहू, रामरतन, दिवंगर, छन्नूलाल बारले, देवलाल साहू, अमरीश और विष्णु प्रसाद शामिल हैं। मचांदूर केंद्र में 47000 बारदाना उपलब्ध है तथा किसानों के लिए पीने के पानी और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई है। निरीक्षण के दौरान अजीत चंद्राकर ने किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार किसानों का एक-एक दाना खरीदेगी। उन्होंने बताया कि विपक्ष किसानों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा है, जबकि वर्तमान सरकार एकमुश्त 21 क्विंटल पर 3100 रुपए समर्थन मूल्य प्रदान कर रही है। जल्द ही ऑनलाइन और ऑफलाइन खरीदी की लिमिट बढ़ाने पर भी शासन निर्णय लेगा। मचांदूर समिति अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत ने कहा कि सोसाइटी में किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं है और सभी व्यवस्थाएँ सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। दोनों खरीदी केंद्रों की व्यवस्था देखकर किसान भी संतुष्ट नजर आए।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, पार्षद और वार्डवासी बैठे अनिश्चितकालीन धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शासकीय जमीन पर किए जा रहे अवैध कब्जों के विरोध में वार्ड पार्षद सहित वार्डवासी अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे तहसीलदार ने सीमांकन का आश्वासन दिया, लेकिन वार्डवासी जमीन पर लगाए गए खंभों को उखाड़ फेंकने की बात पर अड़े रहे और आंदोलन जारी रखा। सोमवार को वार्ड 21 की पार्षद नेहा साहू सहित वार्डवासी शासकीय भूमि पर किए गए अवैध कब्जों के खिलाफ अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गए। पार्षद नेहा साहू ने बताया कि कैलाश मानसरोवर मंदिर के सामने शासकीय भूमि स्थित है। इस भूमि की सीमांकन के लिए पिछले एक साल से वे नगर निगम, तहसीलदार को आवेदन किए है। पिछले एक साल में जिला प्रशासन इस शासकीय जमीन का सीमांकन नहीं कर पाए। इस जमीन को भू-माफियाओं को सौंप दिया गया है। भू-माफियाओं ने इस भूमि पर अब प्लाटिंग करना भी शुरू कर दिया है। कांग्रेस के शासन काल में इस भूमि पर भवन के लिए निविदा लगाया गया था। उन्होंने बताया कि शासकीय भूमि पर लगे भू-माफियाओं द्वारा लगाए गए पोल जब तक नहीं निकाला जाएगा और सीमांकन नहीं कराया जाएगा तब तक धरने पर बैठे रहेंगे। इन भू-माफियाओं को संरक्षण मिला हुआ है।

**पेज 11 के शेष**

### सीएससी में आयुष्मान घोटाला ...

पर उनके द्वारा किसी अधिकारी के मार्गदर्शन में इस कार्य को करने की बात को स्वीकार किया। इस समय स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारी थाने में उपस्थित रहे। फिलहाल अभी इस खाते को होल्ड किया गया, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी ने विभागीय जांच की मांग की हैं। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत इलाज करने पर कुछ राशि का हिस्सा प्रोत्साहन स्वरूप स्वास्थ्य विभाग में कार्य करने वाले सभी अधिकारी व कर्मचारियों को मिलता है। आरोप है कि अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ऐसा नहीं हो रहा था। यहां पर तो हेरा फेरी हो रहा था। जो कमीशन देने को तैयार था उसी के खाते में पैसा डाला जाता था। और अन्य कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल रहा था। यहां पर कुछ विशेष अधिकारी कर्मचारी के खातों में ही पैसा डाला जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग के छोटे कर्मचारियों को नहीं मिली पा रहा था इस योजना का फायदा कुछ व्यक्ति ही ले रहे थे इसका फायदा।

### युवती को जान से माने की ...

रामनारायण की एक रिश्तेदार के साथ हुए मामले मे पीड़िता ने ग्राम के एक युवक के खिलाफ बालोद थाना मे शिकायत दर्ज कराई थी। यह शिकायत लगभग ढेड़ माह पूर्व की गई थी। आरोप है कि उक्त युवक फोन करके लगातार उस युवती की हत्या करने की धमकी दे रहा था।

### परिजन की देखरेख में युवती कॉलेज ...

व परिजन रामनारायण के शव को घर न ले जाकर सीधे बालोद थाना पहुंच गए एवं शव को थाना के सामने रखकर आरोपी युवक के साथ उन लोगों के खिलाफ भी कार्यवाही की मांग करने लगे जिनकी कथित लापरवाही से युवक ने आत्महत्या की है। मामले मे ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा भी धरने पर बैठे।

### कलेक्टर मिश्रा ने ...

जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कराने, चिटौद की योगिता ने जॉब कार्ड दिलाने हेतु आवेदन सौंपे। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने विद्युत दुर्घटना में प्रभावित हुए ग्रामीण श्री नरसुराम नेताम को विद्युत विभाग की योजना के तहत 02 लाख रूपये का चेक प्रदान कर लाभान्वित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### टोकन तुहर द्वार ...

एक पंचायत क्षेत्र के लिए निर्धारित हो। इससे किसानो के समय, धन, श्रम सभी की बचत होगी। जनपद सभापति नरेश साहू ने अनुविभागीय अधिकारी व प्रशासन को पत्र लिखकर कहा है कि धान खरीदी सीमा कम होने से किसानो का धान नही बिक पा रहा है। सीमा बढ़ाने से किसानो को सुविधा होगी। भाजपा मंडल सनौद अध्यक्ष खेमलाल देवांगन ने भी प्रशासन को पत्र लिखकर धान की खरीदी सीमा बढ़ाने की मांग की है। खेमलाल ने कहा कि वर्तमान मे जितनी सीमा तय है उसमे समितियो मे 12 बजे तक ही काम पूर्ण हो जाता है, यदि सीमा बढ़ेगी तो अधिक किसानो को लाभ होगा एवं समिति मे भी दिनभर कार्य होगा।

**एचआईवी संक्रमण के कारण, बचाव और जागरूकता पर विशेषज्ञों ने छात्रों को किया जागरूक**

# टटेंगा स्कूल में विश्व एड्स दिवस पर किया जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एचआईवी संक्रमण के प्रति जागरूकता लाने तथा संक्रमित लोगों के सहयोग के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में एड्स एवं एचआईवी संक्रमण की जानकारी बढ़ाना, संक्रमण की रोकथाम के प्रति सचेत करना तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव खत्म कर समाज में संवेदनशीलता बढ़ाना था। इस वर्ष का थीम था मेरा स्वास्थ्य मेरा अधिकार।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्राचार्य आर. के. देवांगन को रेड रिबन लगाकर व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी द्वारा स्वागत के साथ हुई। तत्पश्चात सभी शिक्षक एवं विद्यार्थियों को भी रेड रिबन लगाया गया, जो एड्स जागरूकता और समर्थन का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य आर. के. देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस बीमारी पर शोक मनाने से बेहतर है कि इसके प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने विद्यार्थियों से एड्स से जुड़े भ्रम दूर कर सही जानकारी अपनाने की अपील की।कार्यक्रम का संचालन कर रहे व्याख्याता अजय पाठक ने एड्स की सामान्य जानकारी देते हुए बताया कि एड्स का पूरा नाम एक्वायर्ड इम्यूनो डिफिशिएंसी सिंड्रोम है, जिसका कारक विषाणु एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएंसी वायरस) है। यह वायरस शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर हमला करता है और धीरे-धीरे रोगों से लड़ने की क्षमता को कम कर देता है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने एचआईवी संक्रमण के कारण और बचाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह संक्रमण संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित संबंध, संक्रमित सुई/ब्लेड के उपयोग तथा बिना जांच किए संक्रमित रक्त चढ़ाने से फैल सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त चढ़ाने से पहले उसकी जांच अनिवार्य रूप से करानी चाहिए तथा हमेशा डिस्पोज़ल सिरिंज का ही उपयोग करना चाहिए। अंत में वरिष्ठ व्याख्याता टी. एल. देवांगन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को मिलकर एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव समाप्त कर संवेदनशीलता बढ़ानी चाहिए, तभी इस बुराई को जड़ से मिटाया जा सकता है। इस अवसर पर लक्ष्य कुमार, चंद्रहास, कुमकुम, कुसुम, दिव्या, तारिणी, नगमा, लक्ष्मी, चेलेस, हिमांशु, साक्षी और मोहित ने एड्स जागरूकता विषय पर आकर्षक चित्रकला प्रदर्शित की, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, बिंदु पटेल, बिंदु साहू सहित शिक्षकगण एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल को कैशलेश चिकित्सा सेवा के लिए सौंपा ज्ञापन

**बालोद/कलंगपुर।** कलार महोत्सव में चिकित्सा सेवा एवं कर्मचारी कल्याण संघ ने स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल को कैशलेश चिकित्सा प्रदान करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे 5 लाख कर्मचारियों के लिए छत्तीसगढ़ कैशलेश चिकित्सा सेवा एवं कर्मचारी कल्याण संघ जिला बालोद से जिला संयोजक नरेंद्र साहू, संभाग सचिव कुंदन साहू, सक्रिय सदस्य नरसिंह साहू के द्वारा ज्ञापन सौपा गया। साथ ही 7 दिसंबर को भिलाई सम्मेलन में उपस्थिति के लिए आग्रह किया गया।

### जयंती एवं रक्तदान शिविर का किया आयोजन



**बालोद/कलंगपुर।** गुण्डरदेही मुख्यालय के ग्राम कलंगपुर में जिला स्तरीय भगवान शहस्त्रबाहु अर्जुनदे० जयंती, सिन्हा सामुदायिक भवन का लोकार्पण, प्रतिभा सम्मान एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमे नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच कलंगपुर के तत्वाधान में ब्लड सेंटर रायपुर के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित की गई। जिसमें प्रथम रक्तदाता के रूप में पूर्व सरपंच व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा सिन्हा समाज छग. गोविन्द सिन्हा ने अपने जीवन में 15 वीं बार रक्तदान किया। उन्होंने बताया कि वे सर्व प्रथम रक्तदान एक जरूरतमंद मरीज जिसे अस्पताल में महज रक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण इलाज हेतु भर्ती नहीं किया जा रहा था, तब बिलासपुर अस्पताल पहुंचकर पहली बार रक्तदान किया। उस समय से आज तक राजनादगांव, दुर्ग, रायपुर, धमतरी, भिलाई, दल्लीराजहरा, बालोद अपने खर्च में पहुंचकर 15 वीं बार रक्तदान करने का सौभाग्य मिला। ऐसा अवसर प्रदान करने के गोविन्द राम सिन्हा ने सिन्हा समाज कलंगपुर, ब्लड बैंक रायपुर एवं नवचेतना फाउंडेशन नई दिशा नई सोच कलंगपुर के प्रति आभार व्यक्त किया।

### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को छग शासन से मिली मान्यता

**डौंडीलोहारा।** स्वास्थ्य विभाग के संघ स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ को छत्तीसगढ़ शासन ने मान्यता प्रदान कर दिया हैं। संघ को मान्यता मिलने से सभी कर्मचारियों की समस्याओ और मांगो को शासन प्रशासन तक आसानी से पहुंचा सकेंगे। मान्यता मिलने के बाद बालोद जिला संगठन के सभी कर्मचारियों में खुशी की लहर हैं और जिलाध्यक्ष आर.एस. मण्डावी जी के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों में नया ऊर्जा और उत्साह व्याप्त हैं। मान्यता की जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालोद को दिया गया जिसमें जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू, महिला प्रकोष्ठ परमेश्वरी ठाकुर,सभी अध्यक्ष डौंडीलोहारा ब्लॉक कमलेश सिंह ठाकुर, डौंडी ब्लॉक अध्यक्ष आशा सोनी ,गुरुर ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम साहू , बालोद ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरे उपस्थित थे।

## आयोजन : समाज भवन निर्माण और ग्रामोद्योग के लिए मंत्री द्वारा कुल 25 लाख रुपये की घोषणा

# गीता जयंती समारोह में मंत्री गजेन्द्र ने परिवार की एकता और सामाजिक समृद्धि पर दिया जोर







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

प्रत्येक घर मे लड्डू गोपाल रखे, उसकी नियमित सेवा करे, सप्ताह मे पूरा परिवार एक साथ भोजन करे उसमे चर्चा करे, इससे बिखरता परिवार एक होगा। इससे आर्थिक समृद्वि आएगी। जीवन की राह आसान होगी।

उक्त बाते स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने गुरूर मे आयोजित तहसील स्तरीय गीता जयंती समारोह में कही। गजेन्द्र यादव ने कहा जब परिवार सप्ताह मे एक बार भी सामूहिक बैठकर भोजन करेगा तो इससे परिवार मे अपनत्व का भाव होगा। आने वाली पीढ़ी को परिवार की एकता की ताकत समझ आएगी। चर्चाओ से एक दूसरे की बातो, भावनाओ, समस्याओ की जानकारी होगी। इससे परिवार एक जूट होगा। इससे परिवार मे आर्थिक संपन्नता आएगी एवं बिखरता परिवार संयुक्त परिवार बनेगा।

गजेन्द्र यादव ने कहा यादव समाज आर्थिक रूप से कमजोर समाज है। समाज को आर्थिक रूप से समृद्व बनाने के लिए हमे शिक्षा पर ध्यान देना होगा। गजेन्द्र यादव ने कहा समाज के सदस्य पात्रता अनुसार शासन की योजनाओ का पूरा लाभ ले। समाज के सदस्य अपने लोगो तक इसकी जानकारी प्रदान कर सहयोग करे, जिससे सभी को शासन की योजना का लाभ हो। गजेन्द्र यादव ने समाज के भवन के लिए 20 लाख रूपये एवं स्वेच्छानुदान से समाज को एक लाख रूपये देने के साथ समाज की 20 महिलाओ को ग्रामोद्योग के लिए कुल 4 लाख की राशि स्वेच्छानुदान से प्रदान करने की घोशणा की।

जनसेवक राकेश यादव ने कहा समाज को संगठित होकर समाज के विकास एवं समाज के लोगो की समृद्वि के लिए कार्य करना होगा। सरकार की योजना का लाभ पात्रता अनुसार सभी ले। राकेश यादव ने गजेन्द्र यादव की दरियादिली के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा समाज के विकास के लिए उनका प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष कोसरिया यादव समाज तहसील गुरूर सालिक राम यादव ने किया। विशिष्ट अतिथि जनसेवक एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष बालोद राकेश यादव, समाज के संरक्षक जितेन्द्र यादव, हीमन यादव, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, मधुलता यादव, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर ईशाप्रकाश साहू, महामंत्री भाजपा मंडल गुरूर ताम्रध्वज यादव, अध्यक्ष सर्व यादव समाज तहसील गुरूर हिते"वर "याम, सरपंच ग्राम पंचायत कोलिहामार संगीता चतुर्वेदी, कोशाध्यक्ष कोसरिया यादव समाज तहसील गुरूर तुलसी राम यादव, सचिव कोसरिया यादव समाज तहसील गुरूर देवव्रत यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में दास बंटी गोपाल द्वारा रचित गीत का आडियो का विमोचन मंत्री व अन्य अतिथियो ने किया। इस गीत का स्वर भी दास बंटी गोपाल की है।

**खास बातें**

- सामूहिक भोजन और लड्डू गोपाल की सेवा से एकता बढ़ाने पर दिया जोर
- आर्थिक समृद्धि और समाजिक विकास के लिए शिक्षा और योजनाओं के लाभ लेने की अपील



समारोह मे कलश शोभायात्र निकाली गई। इसमे आकर्शक कलश के लिए अकांक्षा यादव मरकाटोला, पिंकी यादव अखराभाठा, मीना यादव भानपुरी, खिलेश्वरी यादव अखराभाठा, उमेश्वर यादव नारागांव का सम्मान किया गया। समारोह मे संरक्षक जितेन्द्र यादव, अध्यक्ष सालिक राम यादव, सचिव देवव्रत यादव, कोशाध्यक्ष तुलसी राम यादव, सहसचिव रेवाराम यादव, महामंत्री विनोद यादव, संगठन मंत्री कृष्णा यादव, प्रचार मंत्री गुलाब यादव, सलाहकार हेमलाल यादव द्वारा आगवानी की गई।

कार्यकारिणी सदस्य नारागांव से अभय यादव, घोघोपुरी से टिकेश्वर यादव, मोहारा से छोटू राम यादव, सांगली से रोशन लाल यादव को बनाया गया है। परिक्षेत्र अध्यक्षो में नारागांव से पुनीत यादव, धनोरा से रेखराम यादव, मरकाटोला से हरीश यादव, तार्री से सांवत यादव, पेण्डरवानी से सुदर्शन यादव, बासीन से केवल यादव, परसुली से दुलार यादव, गुरूर से बंटी गोपाल यादव, रमतरा से मिश्री लाल यादव, कुलिया से बिसनाथ यादव, बोहारा से मंशाराम यादव, पलारी से बंटी गोपाल, दर्रा से अर्जुन राम यादव, अरमरीकला भानुराम यादव, मोखा से ललित यादव, सोरर से हिमन लाल यादव, खुंदनी से प्रेमसाय यादव उपस्थित थे।

तहसील महिला प्रकोष्ट अध्यक्ष जितेश नेहरू यादव, पद्मा भुनेश्वर यादव, लता नंदकुमार यादव, ममता उत्तम सिंह, गायत्री दुलेश्वर यादव, तहसील युवा प्रकोष्ट अध्यक्ष धिराजी राम यादव, संतोश यादव, भुनेश्वरयादव, घनश्याम यादव, नीलकंठ यादव, रामसाय यादव, उत्तम सिंह यादव, रोशन लाल यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे दीप प्रज्वलन व भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना दास बंटी गोपाल यादव के द्वारा किया गया साथ ही कलश यात्र निकाला गया। मंच संचालन मनहरण लाल यादव व देवव्रत यादव ने किया।

## विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस पर रंगोली, पोस्टर व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया

**बालोद/कलंगपुर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।

जिसमें प्रसिद्ध रंगोली कलाकार दिव्या कश्यप बिलासपुर को आमंत्रित किया गया, जिन्होंने अपनी रंगोली कला से छात्र छात्रओं का ध्यान आकर्षित किया। छात्र छात्रओं ने रंगोली, पोस्टर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूक करने का प्रयास किया।



प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ कल्पना पॉल, सहायक प्राध्यापक डॉ यशवंत साव, सहायक प्राध्यापक डॉ रामेश्वर प्रसाद ठाकुर, प्रमोद भारती, डॉ आशीष द्विवेदी, कमलेश्वर साहू, डॉ वंदना धुरव, अंजनी पैकरा, डॉ ममिता साहू, सुमन कश्यप, मयंक साहू, अनुराधा सोनी, डॉ रूचि ताम्रकार, प्रदीप साहू, डॉ रमेश साहू, डॉ मीनाक्षी देवांगन, दामिनी झा, दीपेश, छाया रानी साहू, रूद्र प्रताप सोम, मनीष सागर, दुर्गेश एवं छात्र–छात्रएं उपस्थित थे।

## नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन



**अंडा।** नौ दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती कमला देवी साहू व सहित परिवार के पूर्वजों के स्मृति में 3 दिसम्बर से ग्राम पाऊवारा (उतई) में रखा गया है। इसमें कथावाचक लिमतरा आश्रम के संत निरंजन महाराज होंगे में भागवत कथा का विशाल आयोजन साहू परिवार की ओर से किया जा रहा है। जिसकी तैयारी चल रही है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए साहू परिवार द्वारा अधिक से अधिक संख्या में आकर कथा श्रवन करने अपील की है।

## महिलाओं को छोटे व्यवसाय के लिए मिल रहा है बिना गारंटी लोनः यशवंत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

महिलाओं को छोटे कारोबार शुरू करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की संयुक्त प्रयास से आसान शर्तों पर बिना गारंटी वाला लोन उपलब्ध कराया जाता है। तय उम्र, आय सीमा





और कुछ जरूरी दस्तावेज पूरे होने पर आवेदन किया जा सकता है। सही प्रक्रिया अपनाने पर इसमें सब्सिडी का लाभ भी मिल सकता है। उक्त बाते भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने कही।

इस योजना का लाभ बताते हुए भाजपा प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन ने बताया कि आज के समय में कई महिलाएं अपना खुद का काम शुरू करना चाहती हैं, लेकिन कई बार पैसे की कमी उनके कदम रोक देती है। इसी मद्देनजर देश में महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। इन्हीं में से एक है उद्योगिनी योजना यह कोई नई योजना नहीं है, बल्कि काफी समय से केंद्र और कई राज्य सरकारें मिलकर इस योजना का संचालन कर रही हैं। इसका मकसद बिजनेस शुरू करने की इच्छुक महिलाओं को बिना किसी गारंटी के आसान लोन उपलब्ध कराना है।

- महिला उद्यमियों का सपना होगा पूरा, मिलेगी आसान लोन सुविधा



जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने बताया कि इस योजना में आवेदन करने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें रखी गई हैं, जिसमे 18 से 55 साल की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं। महिला ने पहले किसी लोन में डिफॉल्ट न किया हो वह पात्रता में आएंगी तथा परिवार की सालाना आय 1.5 लाख रुपये से अधिक न हो। विधवा या दिव्यांग महिलाओं के मामले में आय सीमा लागू नहीं होती, यानी वे सीधे आधिकारिक पोर्टल पर आवेदन कर सकती हैं।

## टोकन एप में सर्वर समस्या से किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

सेवा सहकारी समिति निकुम में धान खरीदी का निरिक्षण किया गया। खाडा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला के जनपद सदस्या दामिनी

- निकुम धान खरीदी केंद्र में भारी अव्यवस्था, किसानों में आक्रोश
- स्टाफ की कमी और धीमी तौल पर किसानों की नाराजगी



मुकेश साहू ने बताया कि धान खरीदी केंद्रों में ऑनलाइन–ऑफलाइन टोकन अव्यवस्था और प्रभारियों के स्थान पर तैनात प्रधिकृत अधिकारियों द्वारा किसानों की समस्या हल न कर पाने से किसानों को बहुत ज्यादा समस्या हो रही है, वर्तमान में निकुम धान खरीदी केंद्र में कल निरीक्षण के दौरान केवल 2 कर्मचारी ही उपस्थित थे और केवल 2 लोगों के भरोसे पूरा केंद्र संचालित हो रहा है। ऐसा लग रहा है कि सरकार की मंशा ही नहीं है किसानों का पूरा धान खरीदने का ,पहले ही इस वर्ष किसान कई प्रकार की बीमारी लग जाने के कारण फसल ठीक से ना होने से चिंतित है और उसके बाद कई लोगों का पूरा खसरा न जुड़ने के कारण किसान पटवारी और तहसील के चक्कर काट कर परेशान हो चुके है और अब यह ऑनलाइन टोकन न कटने के कारण अब किसान हताश हो चुके है किसानों का अब लगभग पूरा धान कटाई हो चुका है और सबका धान बाहर पड़ा हुआ है अब इसमें कई जगह चोरी की भी शिकायत आ रही है लेकिन फिर भी प्रशाशन आंख मूंदे हुए है ,किसानों ने आरोप लगाया कि खरीदी केंद्रों में टोकन वितरण प्रणाली पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। समय से टोकन नहीं मिल रहा, सर्वर समस्या बनी हुई है । किसानों ने यह भी कहा कि सोसायटी प्रभारियों की जगह तैनात प्रधिकृत अधिकारियों द्वारा तौल में देरी, जिससे किसानों में भारी नाराजगी है।

किसानों की मांग है कि धान खरीदी टोकन प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाए, और ऑफलाइन टोकन वितरण का कोटा बढ़ाया जाए और प्रति दिन खरीदी का कोटा तत्काल बढ़ाया जाए , निकुम खरीदी केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में अभी प्रति दिन लगभग 1300 क्विंटल की खरीदी हो रही है और अभी तक लगभग मात्र 10416.40 क्विंटल की खरीदी हुई है जिसमें लगभग 203 किसान ही अपना धान बेच पाए है और लगभग निकुम केंद्र में लगभग 1300 पंजीकृत किसान है और यही स्थिति रहा तो पूरा किसान अपना धान नहीं बेच पाएंगे।

### तीन बाइक चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग जिले में तीन वाहन चोरी का मामला सामने आया है। एक जामुल और दो कुम्हारी थाना क्षेत्र का मामला है। पुलिस ने धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार वार्ड 09 शुक्रवारी बाजार के पास गुढ़ियारी रायपुर ने गोवर्धन शर्मा ने जामुल थाना पुलिस को शिकायत में बताया कि वे माया मैरिज हाल नालंदा स्कूल के पास कुरूद में हलवाई का काम करने गया था। 29 नवंबर को रात्रि करीबन 1.30 बजे हीरो होण्डा वाहन क्रमांक सीजी 12 एआर 2589 को माया मैरिज भवन के सामने खड़ी कर अंदर चला गया था।




**नवपदस्थ प्राचार्य ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और छात्र हितों को सर्वोपरि रखने की बात कही**

## अरविंद ने ग्रहण किया प्राचार्य पद, विद्यालय में हर्षोल्लास का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हर्राठेमा में सोमवार को हर्षोल्लास के बीच अरविंद कुमार यदु ने विधि-विधान के साथ प्राचार्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन पर विद्यालय परिवार, शाला प्रबंधन समिति एवं संकुल के समस्त प्रधान पाठकों ने भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। इसके पश्चात शाला स्टाफ, छात्र-छात्राओं, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं संकुल के प्रधान पाठकों ने गुलदस्ता, साल, श्रीफल एवं लेखनी भेंट कर यदु का स्वागत किया। पूरे परिसर में उत्साह





और उमंग की माहौल देखने को मिली। नवपदस्थ प्राचार्य यदु ने अपने उद्बोधन में विद्यालय को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अनुशासन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाने की बात कहते हुए कहा कि विद्यालय का सर्वांगीण विकास तभी संभव है जब हम सभी मिलजुलकर, सहभागिता के साथ कार्य करें। मेरा प्रयास रहेगा कि छात्र हित को सर्वोपरि रखते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर वातावरण प्रदान किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, शैक्षणिक उत्कृष्टता, खेल-कूद, नवाचार आधारित गतिविधियों तथा विद्यालय में सुविधाओं के विस्तार पर विशेष बल देने की बात भी कही।

इस अवसर पर पूर्व प्रभारी प्राचार्य सी.एल. कलिहारी, रेणुका यदु, प्रमोद अवस्थी, लिखेंद्र सिंहा, लता ठाकुर, शोभित पटेल, ममता नुरुटी, अकबर सिंह कुंजाम सहित अन्य समिति सदस्य एवं संकुल के सभी प्रधान पाठक उपस्थित रहे। सभी ने यदु के नेतृत्व में विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन शाला के स्टाफ द्वारा किया गया और अंत में सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

